न्यायालय- वाणिज्यिक न्यायालय संख्या 01, मेरठ।

मध्यस्थ वाद संख्या 19/2024

गौरव कुमार बनाम एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड

दिनांकः 21-08-2025

वाद पुकारा गया। आवेदक के विद्वान अधिवक्ता उपस्थित है। विपक्षी की ओर से कोई उपस्थित नहीं है।

वर्तमान मामले में एकल मध्यस्थ श्री रोहित कुमार से मध्यस्थ कार्यवाही का मूल अभिलेख तलब किया जा रहा है तथा मूल अभिलेख तलब करने हेतु विद्वान एकल मध्यस्थ को प्रेषित रजिस्टर्ड पोस्ट के लिफाफे वापस प्राप्त होकर पत्रावली में संलग्न हैं जिनमें यह उल्लिखित है कि 'काफी तलाश करने पर प्राप्तकर्ता का कोई पता नहीं चला।' अतः उभयपक्ष को यदि एकल मध्यस्थ श्री रोहित कुमार का सही पता ज्ञात हो तो वे इस न्यायालय को अवगत कराये ताकि एकल मध्यस्थ से मध्यस्थ कार्यवाही का मूल अभिलेख तलब कर मामले में अग्रिम कार्यवाही की जा सके। पत्रावली दिनाँक 19-09-2025 को पेश हो।

पीठासीन अधिकारी
वाणिज्यिक न्यायालय सं० 1, मेरठ।

Digitally signed by SATYA NAND UPADHYAY
Date: 2025.08.21 16:51:25 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court